PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Tuesday 23rd June 2015, Page: 11
Width: 8.39 cms, Height: 9.05 cms, a4, Ref: pmin.2015-06-23.48.103

छोटी दवा कंपनियों को मिलेगा सस्ता कर्ज

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

दवा क्षेत्र के विस्तार के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने छोटी दवा कंपनियों को विस्तार के लिए कम ब्याज पर कर्ज देने और ब्याज में सब्सिडी देने की सिफारिश की है। ताकि ये कंपनियां अपना उत्पादन बढ़ा सकें।

उर्वरक एवं रसायन मंत्री अनंत कुमार ने एक समारोह में मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स की रिपोर्ट जारी की। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को सिर्फ फाइलों में कैद नहीं रखा जाएगा बल्कि सौ दिनों के भीतर इस पर कार्रवाई के लिए सरकार कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को लेकर सरकार गंभीर है।

सिफारिश

- ब्याज में सब्सिडी देकर इन कंपनियों को बढ़ावा दिया जाए
- टास्क फोर्स की रिपोर्ट पर सौ दिन में सरकार करेगी कार्यवाही

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में 10,500 दवा कंपनियां हैं लेकिन इनमें 300-400 कंपनियां ही ऐसी हैं जो मध्यम या बड़ी हैं। बाकी सभी छोटी कंपनियां हैं जिनके विस्तार की संभावनाएं हैं। दवा क्षेत्र के विस्तार के लिए इन कंपनियों को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है।